खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने खाद वितरण केन्द्र का लिया जायजा, किसानों से की चर्चा

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बड़ी खैरी स्थित खाद वितरण केन्द्र व गोदाम का औचक निरीक्षण किया और यहां खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, एसडीओ कृषि श्रीमती मधु अली, डीएमओ श्री आरएस तिवारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। डीएमओ ने बताया कि खाद वितरण केन्द्र पर पर्याप्त खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता है। यहां खाद लेने पहुंचे किसानों से कलेक्टर श्री मिश्रा ने संवाद किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि खाद उर्वरक की आपूर्ति समय पर पारदर्शी तरीके से की जा रही है। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। जिले में खाद एवं उर्वरक की पर्याप्त मात्रा है। उक्त गोदाम का उन्नयन बेहतर तरीके से करने के लिए प्राक्कलन तैयार करने क लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को किसानों के लिए खाद वितरण केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रखने के निर्देश मौके पर दिए। निरीक्षण के दौरान डीएमओ ने बताया कि जुलाई माह के लिए लगभग 2000 मेट्रिक टन यूरिया चिरईडोंगरी रैक प्वाईंट के माध्यम से उपलब्ध कराने की मांग भोपाल स्तर से की गई है। इसके अलावा अगस्त माह की तैयारियों में 5000 मेट्रिक टन यूरिया का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मंडला से मिली जानकारी के अनुसार आज की स्थिति में मंडला, नैनपुर, बिछिया तथा निवास में उर्वरक की उपलब्धता है। जिले में यूरिया 62, सुपर फास्फेट 203, सुपर फास्फेट दाने 201, डीएपी 166, पोटास 184, टीएसपी 120 मे.टन उपलब्ध है।

मण्डला जिले में मत्स्य योजना में अनियमितता का मामला

# केवल एक डीलर से गाड़ी खरीदने का दबाव






### * योजना को लेकर बड़े घोटालें की आशंका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत मछली व्यापार से जुड़े लाभार्थियों को 67,500 रूपये की सब्सिडी मोटरसाइकिल (आइस बॉक्स सहित) खरीदने के लिए दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य मछुआरों को परिवहन सुविधा देकर उनकी आमदनी बढ़ाना है। लेकिन अब इस योजना को लेकर गंभीर अनियमितताएं उजागर हो रही हैं, जो एक बड़े घोटाले की आशंका को जन्म देती हैं।

लाभार्थियों का आरोप है कि विभाग द्वारा गाड़ी खरीदने के लिए जिले में मौजूद केवल एक डीलर से विशेष कंपनी की मोटरसाइकिल लेने का दबाव डाला जाता है। यदि कोई हितग्राही किसी अन्य डीलर या कंपनी की गाड़ी लेना चाहे, तो उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाता है या उनका केस रोका जाता है।

मंडला जिला भौगोलिक रूप से 100 से 150 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है, फिर भी जिलेभर के हितग्राहियों को सिर्फ मंडला शहर के एकमात्र डीलर से ही गाड़ी खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। कई लोग लंबी दूरी तय कर वहां पहुंचते हैं ताकि उनका आवेदन स्वीकृत हो सके।

इसके अतिरिक्त, योजना में पारदर्शिता की भारी कमी सामने आई है। लाभार्थियों को जो कोटेशन दिखाया जाता है, वह असली बिल से अलग होता है। कई मामलों में वाहन कुछ और दिया जाता है, लेकिन कागजों में कुछ और दिखाया जाता है। कुछ मामलों में बिना वाहन दिए ही सब्सिडी की राशि निकाल ली गई और इसका कोई वास्तविक लेखा-जोखा नहीं मिला।

जानकारी के अनुसार, यह प्रक्रिया पिछले 5 से 10 वर्षों से लगातार जारी है और सैकड़ों गाड़ियाँ इस योजना के अंतर्गत वितरित की जा चुकी हैं। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मामला करोड़ों रुपये की अनियमितता का हो सकता है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जब मछली पालन अधिकारी से मीडिया ने संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने समय देने के बावजूद पिछले चार दिनों से गोलमोल जवाब दिए और अब तक कैमरे या प्रेस के सामने आने से बचते रहे हैं। इससे मामले पर और अधिक संदेह गहराता जा रहा है।

सरकार को चाहिए कि इस मामले में त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे, जिससे जनविश्वास कायम रह सके और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगे।



## हिरदेनगर पुलिस ने हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कल दिनांक 23/07/2025 को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत हिरदेनगर पुलिस ने हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को एवं आमजनों को नशे से दूर रहने की नशे से होने वाली बर्बादी, नुकसान से अवगत कराकर समझाइश देकर फैलाई जागरूपता रंगोली कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया जिसमे छात्रों को चौकी प्रभारी एवं शाला प्रभारी द्वारा प्रोत्साहित किया गया तत्पश्चात पुलिस, शिक्षकगण एवं छात्रों द्वारा पौधारोपण किया गया उक्त नशे से दूरी है जरूरी जागरूपता कार्यक्रम से बच्चे प्रभावित होकर खुद को और अपनो को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया।



## स्कूली शिक्षा के आधारभूत आयामों पर बैठक सम्पन्न

**मण्डला।** स्कूली शिक्षा के विभिन्न आधारभूत आयामों पर विचार-विमर्श और जिला स्तरीय फीडबैक नोट तैयार करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षा विभाग के जिला तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों, एडीपीसी, एपीसी, बीईओ, बीआरसी, बीएससी, बीएसी, प्रधान अध्यापक, अभिभावक, समस्त स्टेक होल्डर्स और शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक में स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं, जैसे पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियाँ, मूल्यांकन प्रणाली, बुनियादी ढाँचा, शिक्षक प्रशिक्षण, अभिभावकों की भूमिका और समग्र शैक्षिक वातावरण पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सभी सुझावों और फीडबैक को संकलित कर एक विस्तृत जिला स्तरीय नोट तैयार किया जाएगा, जिसे भविष्य की शैक्षिक नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण में उपयोग किया जाएगा।

## स्वामी देव जी के आगमन पर बैठक



**मण्डला।** पतंजलि योग समिति की बैठक बुधवार को गोंडी पब्लिक ट्रस्ट कार्यालय मंडला में आयोजित की गई। इस बैठक में 18 अगस्त को परम पूज्य स्वामी परमार्थ देव जी के मंडला आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। पतंजलि योग समिति हरिद्वार से राज्य प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समिति, पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास के आदेशानुसार जिले में कार्यकर्ताओं की बैठक में पतंजलि योग समिति मंडला की पांचो समितियां के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को भव्य और गरिमापूर्ण मनाया जाएगा। इस दौरान सुनील बाली, रामगोपाल पटैल, दयाशंकर जोशी, सुधीर कांसकार, विजय अग्रवाल, राजेन्द्र उपाध्याय, सम्पत श्रीवास, राहुल दुबे, राजाराम ज्योतिषी, महेन्द्र बर्वे, सीके वैष्णव, नीरज अग्रवाल, देवाकर दत्त पांडे, महेश पटैल, सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य पदस्थ रहे।

## भोजली महोत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम तैयारी हेतु बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मध्य प्रदेश के तत्वधान में आदिवासी धर्मशाला संगम घाट महाराजपुर में प्रदेशस्तरीय बैठक प्रदेश संयोजक तिरुमाल दिलीप सैयाम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जहां पर आगामी राष्ट्रीय भोजली महोत्सव एवं विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस कार्यक्रम के आयोजन बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ा देवतालाब के सामने रायपुर छत्तीसगढ़ में किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वार्षिक कार्य योजना में चर्चा करते हुए। करमडार महापूजा एवं करमा नृत्य महोत्सव छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में 3 सितंबर 2025 को आयोजित किया जाना है। जिसमें स्वजातीय बंधु उपस्थित रहेंगे। बैठक दौरान उपस्थित रहे। संजय मरकाम प्रदेश महासचिव, झुन्नी सैयाम प्रदेश सलाहकार, आर.सी. गज्जाम, समन्यवक, भूपेंद्र वरकड़े जिला संयोजक मंडला, अशोक सरौते जिला अध्यक्ष मंडला,लोक सिंह मरकाम, धीरा मरावी, संतोष मसराम,गनाराम पंद्रे, शारदा यहके, रविन्द्र सैयाम, शनिराम मसराम, सुदामी मर्सकोले, देवा मरावी, मदन सैयाम, हरजीत मरकाम, रामप्रसाद धुर्वे, भरत मेरावी, सुरेन्द्र पन्द्राम, सुरेश मरकाम, झामू मरकाम, सुग्रीव मरावी, दिलीप भगदिया, नारायण वरकड़े, सहित सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर, डिण्डौरी, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर आदि जिलों के समिति पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पीओ डूडा ने किया ई-केवायसी कार्य का निरीक्षण...................

**मण्डला।** अपर कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण श्री जेपी यादव ने नगर पालिका परिषद मण्डला के वार्ड 23 और 24 का भ्रमण किया। उन्होंने दोनों वार्डों के रहवासी क्षेत्रों में ई-केवाईसी कार्य की प्रगति का मौके पर जायजा लिया। भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर ने कार्य में लगे कर्मचारियों को 90 प्रतिशत ई-केवाईसी का लक्ष्य आगामी दो दिवस के भीतर किये जाने हेतु निर्देशित किया। लक्ष्य से पीछे चल रहे संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस/अनुशासनात्मक कार्यवाही/वेतन रोके जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिक संख्या में लंबित क्षेत्र में अन्य कर्मचारियों को ई-केवाईसी के कार्य में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये गये हैं। वार्ड भम्रण के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें, वार्ड स्तर पर साफ सफाई एवं अन्य शिकायतों का निराकरण किये जाने हेतु आदेशित किया गया।

## परिचम सामान्य वन मंडल मंडला में स्थानांतरण आदेशों की अनदेखी

### * कर्मचारियों पर अधिकारी मेहरबान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




प्रदेश सरकार द्वारा 17 जून 2025 को जारी किए गए स्थानांतरण आदेशों के तहत पश्चिम सामान्य वन मंडल, मंडला में पदस्थ कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ट्रांसफर अन्य वन मंडलों में किया गया था। लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश कर्मचारियों को अब तक रिलीव नहीं किया गया है, जिससे विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि वन विभाग के भीतर व्याप्त अनुशासनहीनता और पक्षपातपूर्ण रवैये की भी पुष्टि करती है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, स्थानांतरित कर्मचारी अब भी अपनी पूर्व पदस्थापना पर कार्यरत हैं। इसका कारण उच्चाधिकारियों की कथित ₹मेहरबानी₹ मानी जा रही है, जिनके संरक्षण में कुछ कर्मचारियों को नियमों से ऊपर मानते हुए स्थान पर बने रहने की मौन स्वीकृति प्रदान की जा रही है। यह स्थिति सरकारी आदेशों की सीधी अवहेलना है और प्रशासनिक प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

वन विभाग जैसे संवेदनशील और कार्यदायित्वपूर्ण क्षेत्र में जब स्थानांतरण जैसे आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया की भी अनदेखी होती है, तो इसका सीधा असर कार्य निष्पादन पर पड़ता है। जिन कर्मचारियों को नए स्थान पर जाना था, उनकी अनुपस्थिति से वहां की कार्यप्रणाली बाधित हो रही है, वहीं पुराने स्थान पर मौजूद कर्मचारी भी दायित्व से बचते नजर आ रहे हैं।

यह भी सामने आया है कि कुछ कर्मचारियों ने जानबूझकर रिलीव न होने के बहाने बनाए हैं, जैसे कि लंबित फाइलें, अधूरे वृक्षारोपण कार्य, या व्यक्तिगत कारण। लेकिन जब आदेश स्पष्ट और लागू करने योग्य हैं, तब ऐसी दलीलों का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

### वन विभाग की निष्क्रियता: बढ़ती अराजकता की चेतावनी

स्थानांतरण आदेशों की अवहेलना, शासन और नियमों के प्रति उदासीनता का परिचायक है। यह स्पष्ट रूप से वन विभाग में नेतृत्व की कमजोरी को दर्शाता है। यदि समय रहते इन आदेशों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में विभाग में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे पर्यावरणीय योजनाओं, संरक्षण कार्यों और संसाधन प्रबंधन पर गहरा असर पड़ेगा।

### जनता और मीडिया की नजरें शासन पर टिकीं

जनता और मीडिया अब इस सवाल का जवाब चाहती है: क्या शासन और उच्च प्रशासनिक अधिकारी इस लापरवाही के लिए दोषियों पर कार्रवाई करेंगे या यह मामला भी अन्य प्रशासनिक गड़बड़ियों की तरह कागजों में दबा रह जाएगा? पश्चिम सामान वन मंडल के डी एफ ओ के द्वारा यह तर्क दिया गया कि वृक्षारोपण करके चलते रिलीफ नहीं हो सके हैं लेकिन यह बात संदेश से परे नहीं क्योंकि प्रशासनिक आदेशों की प्राथमिकता स्पष्ट रूप से सर्वोपरि होती है।

अब देखना यह है की शासन इस मामले को कितनी तत्परता और गंभीरता से कार्रवाई करता है या फिर मामला भी परंपरागत लापरवाही की भेंट चढ़ जाएगा।

### इनका कहना :-

*हमारे वन मंडल में इस समय वृक्षारोपण का कार्य चल रहा है, इसलिए कुछ कर्मचारियों को अभी रिलीव नहीं किया गया है। जैसे ही कार्य पूर्ण होगा, उन्हें शीघ्र रिलीव कर दिया जाएगा।*

*-डीएफओ, पश्चिम सामान्य वन मंडल, मंडला*

कार्यक्रम | प्रसिद्ध नृत्य नाटिका राम की शक्ति पूजा का हुआ भव्य मंचन।

# प्रसिद्ध नृत्य नाटिका मंडला जिले के सांस्कृतिक इतिहास में दर्ज





### * कलाकारों को किया गया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

श्रावण मास की पुण्य संध्या मे आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जब रानी दुर्गावती महाविद्यालय के सभागार में 'राम की शक्ति पूजा' नृत्य नाटिका का मंचन हुआ, तो कला और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अनुपम आयोजन में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने सभी कलाकारों को शॉल और श्रीफल से विशेष रूप से सम्मानित किया। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

'राम की शक्ति पूजा' महाकवि निराला की प्रसिद्ध कविता पर आधारित नृत्य नाटिका है, जिसे कवि व्योमेश शुक्ल के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। इसकी प्रमुख पंक्तियाँ उनकी माता श्रीमती शकुन्तला शुक्ल द्वारा चयनित की गई थीं। मंचन में राम के भीतर शक्ति की उपासना के भाव को अत्यंत प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा ऐसे कार्यक्रम मंडला जिले में बार-बार आयोजित होने चाहिए, ताकि यहां की छोटी-छोटी प्रतिभाशाली कलाएँ उभर कर सामने आ सकें। मंडला की माटी में रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना गहराई से बसी है, जरूरत है उन्हें मंच देने की।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़े रखने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने व्योमेश शुक्ल और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज की शाम मंडला जिले के सांस्कृतिक इतिहास में दर्ज हो गई है।₹ कार्यक्रम में दर्शकों ने भी भरपूर उत्साह दिखाया और मंचन को खड़े होकर सराहा। विशेष लाइट और साउंड इफेक्ट्स ने प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया।

इस भव्य आयोजन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा तथा जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट जैसे प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने कलाकारों को शुभकामनाएं दीं और स्क्रैप से मूर्ति कला बनाने वाले स्थानीय कलाकारों को भी सम्मानित किया।

**खबर संक्षेप**

## लगभग एक सप्ताह से गांव में छाया हुआ है अंधेरा



**अमरपुर।** अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलौनी के नीचे टोला में विद्युत विभाग के लापरवाही के चलते गांव में लगभग एक सप्ताह से इस बारिश के मौसम में भी अंधेरा छाया हुआ हैं। ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया कि यहां का ट्रांसफार्मर एक सप्ताह पूर्व खराब हो चुका हैं। जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों विभाग को दी जा चुकी हैं। परंतु विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के लापरवाही के चलते अभी तक खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सकता हैं। जिसके कारण ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता को इस बारिश के मौसम में रात्रि अंधेरे में गुजारने पर मजबूर होना पड़ रहा हैं। ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता ने मांग की हैं कि शीघ्र यहां का खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदला जाये ताकि ग्रामीणों को बिजली व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से बहाल हो सके।

## नशे से दूरी हैं जरूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नशे के दुष्प्रभाव से आम नागरिकों को अवगत कराने हेतु विशेष अभियान ₹नशे से दूरी हैं जरूरी₹ चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक डिंडौरी श्रीमती वाहनी सिंह के आदेशानुसार यातायात थाना प्रभारी डिंडौरी सुभाष उइके, रक्षित निरीक्षक सूबेदार कुंवर सिंह, चौकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा द्वारा पी एम श्री उच्चतर माध्यमिक शाला मोहगांव एवं माध्यमिक विद्यालय चांदपुर में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम एवं आर्थिक, सामाजिक, मानसिक रूप से होने वाले नकारात्मक प्रभाव के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही नशे के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सहयोग करने की अपील की गई। तथा विद्यार्थियों से नशा मुक्ति के संबंध में निबंध प्रतियोगिता, चित्रलेखन, मानव श्रृंखला के माध्यम से जागरूक किया। उक्त जनजागरूकता कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी डिंडौरी सुभाष कुमार उइके, रक्षित निरीक्षक सूबेदार कुंवर सिंह उडाली, चौकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदाहा, नेहरू युवा केंद्र डिंडौरी से आर पी कुशवाहा, चांदपुर ग्राम पंचायत सरपंच अमृत सिंह परस्ते, हेमंत हरदहा चांदपुर, प्र.आर. गंगा यादव, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित 150 बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

# बस ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित, वर्षा ऋतु में वाहन संचालन हेतु सतर्कता बरतने के निर्देश





**डिंडौरी।** बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय में परिवहन विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी बस ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी वाहन चालकों को सुरक्षा एवं सतर्कता के साथ वाहन संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कें फिसलनभरी होने के कारण दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में सावधानी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में श्रम पदाधिकारी द्वारा मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम 1961 की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत संचालित बसों के चालकों, परिचालकों एवं अन्य कर्मियों को श्रमिक के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है। सभी मोटर यातायात श्रमिकों को संबल योजना एवं ई.श्रम पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु भी प्रेरित किया गया ताकि वे राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में बस ऑपरेटर्स चालक-परिचालक संघ के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिंडौरी-अमरकंटक हाईवे निर्माण गुणवत्ता की जांच, अनुविभागीय अधिकारी ने लिए सड़क के नमूने





**डिंडौरी।** अमरकंटक नेशनल हाईवे के नवनिर्मित हिस्से की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच, जिला कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बजाग राम बाबू देवांगन ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान एसडीएम ने हाईवे के विभिन्न स्थानों से सड़क के नमूने एकत्र किए, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।जानकारी के अनुसार, कलेक्टर नेहा मारव्या ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई शुरू की। अनुविभागीय अधिकारी ने हाईवे के कई हिस्सों का निरीक्षण किया और निर्माण सामग्री, सड़क की मोटाई, और डामरीकरण की गुणवत्ता का जायजा लिया। जांच के दौरान कुछ स्थानों पर सड़क की सतह में अनियमितताएं और मानकों के उल्लंघन की संभावना देखी गई, जिसके बाद नमूने एकत्र किए गए।एसडीएम बजाग राम बाबू देवांगन ने बताया कि नमूनों को लोक निर्माण विभाग की प्रयोगशाला में भेजा गया है, जहां उनकी गुणवत्ता की विस्तृत जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत किया है, क्योंकि सड़क की खराब गुणवत्ता के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गौरतलब है कि डिंडौरी-अमरकंटक हाईवे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन मार्ग है, और इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता है। जांच पूरी होने और प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## करंजिया बाजार में अवैध मछली परिवहन एवं विक्रय, 113 किलो मछली जप्त



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित की गई है, जिसमें मत्स्योखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसी आदेश के पालन में 22 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को करंजिया बाजार में कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री आर. के. चंदेल के नेतृत्व में श्री विशाल शरणागत मत्स्य निरीक्षक, श्री डी.एन. अहिरवार मत्स्य निरीक्षक एवं श्री दशरथ प्रसाद वरकडे चौकीदार के संयुक्त दल द्वारा करजिया बाजार में 113 किलोग्राम मछली जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस थाना करजिया के प्रधान आरक्षक श्री माखन सिंह की उपस्थिति रही। जप्त मछलियों की मौके पर ही नीलामी की गई, जिससे प्राप्त 2900/- की राशि शासन के खाते में जमा कराई गई। मत्स्योद्योग विभाग ने स्पष्ट किया कि बंद ऋतु में मछली पकड़ने, बेचने एवं परिवहन करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## स्वरोजगार हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम, हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित

**डिंडौरी।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) डिंडौरी ने जिले के निवासियों को स्वरोजगार के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण 18 से 45 वर्ष की आयु के बेरोजगार महिलाओं/ पुरुषों/ युवाओं/युवतियों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रमुख तिथियाँ**

फास्ट फूड स्टॉल उद्यमिता 12 दिवसीय प्रशिक्षण की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2025, बैंक सखी केवल महिलाएं 10 दिवसीय की 30 जुलाई, एल्युमिनियम गेट निर्माण 14 दिवसीय की 5 अगस्त 2025 एवं सीसीटीवी कैमरा स्थापना एवं मरम्मत 13 दिवसीय की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक है।प्रशिक्षण निःशुल्क होगा और प्रशिक्षण अवधि में भोजन एवं आवास की सुविधा भी संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण प्राप्ति में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों में आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड / राशन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, समग्र आईडी, बैंक खाता विवरण, अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की मार्कशीट आवश्यक है। अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतु मोबाइल नम्बर 7000788499 पर कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थियों आरसेटी डिंडोरी, जिला जेल के पीछे, अमरकंटक बायपास रोड, जिला आयुष कार्यालय के पास, डिंडौरी निर्धारित तिथि से पहले आवेदन कर सकते हैं।

## जिले में 23 जुलाई तक 647.3 मि.मी. औषत वर्षा दर्ज की गई

डिंडौरी : डिंडौरी जिले में 23 जुलाई 2025 तक जिले में 647.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा की जानकारी प्रपत्र अनुसार 23 जुलाई 2025 तक डिंडौरी में 1052.8 अमरपुर में 574.7, समनापुर में 384.6, बजाग में 530.1, करंजिया में 444.8, शहपुरा में 755.1 और मेंहदवानी में 789.3 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

## नशा छोड़ो, जीवन संवारोः डिण्डौरी जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत जन जागरूकता की अनूठी पहल



**डिण्डौरी।** जिले में नशा मुक्ति अभियान को लेकर एक सशक्त जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे की लत से दूर रखना एवं एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है।

### मैराथन से जागरूकता की दौड़

अभियान की शुरुआत एक प्रेरणादायक मैराथन दौड़ से हुई, जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिण्डौरी से प्रारंभ होकर थाना यातायात परिसर तक संपन्न हुई। इस आयोजन में थाना यातायात प्रभारी श्री सुभाष उईके, रक्षित केंद्र प्रभारी श्री कुंवर सिंह, कोतवाली प्रभारी श्री दुर्गा प्रसाद नगपुरे, पुलिस बल एवं खेल विभाग से श्री चेतराम अहिरवार, आरती सौधिंया सहित बालिका छात्रावास की छात्राएं सम्मिलित हुईं।
मैराथन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर ₹नशा मुक्त हस्ताक्षर अभियान₹ के तहत सभी ने नशा न करने की शपथ ली।

### विद्यालयों में संवाद एवं शपथ

थाना शहपुरा के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर नशे के सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई एवं नशा न करने की शपथ दिलाई गई। चौकी विक्रमपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतोंधा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौकी अमरपुर के माध्यमिक शाला स्कूल मोहनझिर में विद्यार्थियों को नशा के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

थाना करंजिया में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय करंजिया में लगभग 150 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पुलिस बल की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौकी गोपालपुर में चौकी प्रभारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की आम जनता को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने पर विचार-विमर्श किया गया।

## शारदा टेकरी डिण्डौरी में पंच-ज अभियान एवं एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया



**डिंडौरी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार पंच-ज एवं विधिक सेवा प्रकृति की रक्षा अभियान के अंतर्गत वन विभाग के समन्वय से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम वृहद वृक्षारोपण अभियान एवं एक पेड मॉ के नाम के अंतर्गत मॉ शारदा टेकरी डिण्डौरी में 23 जुलाई 2025 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।** पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहम्मद सैयदुल अबरार अंसारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान आम, नीम, जामुन, आवला, पीपल, वट वृक्ष एवं अन्य प्रजाति के पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष कुमार केशरवानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री आर.पी. सिंह, डीएफओ श्री पुनीत सोनकर सहित अन्य विभाग के कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# छात्रों, छात्राओं एवं कर्मचारियों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



**डिंडौरी न्यूज़।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। जिसमें नशे के दुष्परिणाम पर उपस्थित छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया ।इस मौके मार्गदर्शक प्राचार्य प्रमोद वास्पे ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कराते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप हैं इसके चपेट में आकर व्यक्ति समय से पहले मौत को गले लगा लेता हैं इसका सेवन किसी भी रूप में मानवहित में नहीं हैं , यद्यपि ऐसे लोगों को आर्थिक हानि के साथ शरीर कमजोर होता चला जाता हैं इसलिए हम सभी स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं तथा इस नई पीढ़ी के युवा व किशोरों को इसके लत से बचाएं।और अपने आसपास गांव टोला मोहल्ला में नशे के नुकसान बताने का कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करें । गौरतलब हैं कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और एक स्थापना का संकल्प लेकर स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज बनाने की ओर अग्रसर होना था।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशा के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और युवाओं से नशा से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की अपील की।इस दरमियान छात्र छात्राओं सहित उपस्थित सभी ने नशा से दूर रहने का संकल्प लिया वहीं विघार्थियों ने नशामुक्ति अभियान को गांव गांव चलाकर स्थानीय लोगों को प्रेरित करने की बात कही।कार्यक्रम का संयोजन प्रो शत्रुसूदन तथा संचालन प्रो. अजय सिंह द्वारा किया गया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में प्रो. विक्रम सिंह टेकाम का सराहनीय योगदान रहा। वहीं कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार के शमशेर बहादुर के. के. द्विवेदी तंजुन अंसारी प्रो. रूपेश कुमार नीलेश दुफारे प्रेम शंकर साहू दुर्गा सिंह भवेदी प्रीति पाण्डेय, आदि लोग मौजूद रहें।

## बंदरबांट का नमूनाः गांव में लगे मात्र 30 सोलर स्ट्रीट लाईट, 68 यूनिट का भुगतान क्यों..?

**डिंडौरी न्यूज। जिले की ग्राम पंचायत मझियाखार में विगत दिनों पंचायती खजाने से चाय नाश्ता और बीजेपी जिलाध्यक्ष के आगमन के नाम पर हजारों रुपए व्यय करने का मामला प्रदेश में सुर्खियां बटोर रहा है, चाय नाश्ता के नाम पर सरकारी पैसों की दुरूपयोग का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था,एक और बड़ा घोटाला सामने आया है।**

मझियाखार के सरपंच, सचिव के द्वारा पांचवें वित्त योजना से बगैर सक्षम स्वीकृति के मनमानी पूर्वक सोलर लाईट खरीदी में फर्जीवाड़ा करते हुए लाखों रुपए का गोलमाल किया गया है। ग्राम पंचायत के पोर्टल से वंश सोलर एनर्जी, सुदामा नगर जबलपुर को 68 सोलर लाईट खरीदी के नाम पर प्रति यूनिट 9820.50 रु की दर से 28/06/2025 को 789000 हजार रुपए का एक मुश्त भुगतान किया गया है। ग्राम पंचायत के उप सरपंच ने बताया कि गांव में 30 सोलर लाईट लगाए गए हैं, वहीं सचिव सीता गौतम का भी कहना है कि 30 सोलर लाईट लगाए गए हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब 30 सोलर लाईट यूनिट लगाए गए तो 38 नग अधिक का




किस आधार पर और क्यों 68 नग का भुगतान किया गया है, यह समझ से परे है। फर्जीवाड़े कर सरकारी खजाने में सरेआम डकैती डालते हुए ग्राम विकास की राशि बेखौफ दुर्व्यय किया जा रहा है, जिससे जन चर्चा है कि नीचे से लेकर ऊपर तक लूट की माल बंटवारा हो रहा है। ग्रामीणों के दावों पर सच्चाई है या नहीं यह तो जिले के अधिकारी और सरपंच सचिव ही बता सकते हैं..?

**नियम प्रक्रिया और गुणवत्ता, दरकिनार,कमीशन पहले की तर्ज पर खरीदी**

ग्राम पंचायत सचिव सीता गौतम से जब सोलर लाईट के खरीदी प्रक्रिया और गुणवत्ता को लेकर जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया कि सरपंच पति के कहने पर सोलर लाईट लगाए गए हैं, सोलर लाईट की गुणवत्ता और कितने वॉट की लगाई गई है इसकी जानकारी नहीं है,30 यूनिट सोलर लाईट का भुगतान किया गया है। इस तरह से जिम्मेदार पंचायत के करिंदे ग्राम विकास के नाम पर शासन को चपत लगाते हुए अपना विकास कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि सरपंच पति द्वारा खुद सरपंची करते हुए मनमानी पूर्वक पंचायत खजाने को पलीता लगाया जा रहा है, बात चाय नाश्ता या फिर सोलर लाईट की नहीं है, पंचायत की समय निर्णय सरपंच पति ले रहे हैं और अनाप शनाप खर्च के नाम सरकारी खजाने को खाली कर रहे हैं। इस संबंध में अधिक पंचायत विभाग का पक्ष जानने के लिए जनपद पंचायत सीईओ मुंशीलाल धुर्वे को कई बार फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया, मामले पर जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है,जांच कर समुचित कार्रवाई की जावेगी । इस तरह से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उदासीन अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया से भ्रष्टाचार चरम पर हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला ने किया जहरीली वस्तु का सेवन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राधिका पति मुकेश पटैल उम्र 26 वर्ष निवासी महका थाना ठेमी द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### नाबालिग स्कूली बच्चों के काटे गए चालान

**नरसिंहपुर।** नाबालिग स्कूली बच्चों द्वारा बाइक चलाना एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि यह यातायात नियमों का उल्लंघन है और इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। नाबालिगों के लिए बाइक चलाना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले के संपूर्ण थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा स्कूलों के आस-पास औचक वाहन चैकिंग की गयी। इस दौरान 148 नाबालिग बच्चें बाइक चलाते हुए पाए गए। जिनके वाहन थाने लाए गए और उनके परिजनों को थाने बुलाकर आवश्यक समझाईश दी गयी। पुलिस द्वारा कहा गया कि जब तक बच्चे का लाइसेंस न बन जाए। तब तक उन्हें बाइक नहीं दी जानी चाहिए नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक चलाने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस लापरवाही में जितने जिम्मेदार पेरेंट्स हैं उतनी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की भी बनती है। स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि बिना लाइसेंस या दस्तावेज वाले छात्रों को स्कूल मे बाइक लेकर न आने दे एवं पेरेंट्स को भी मना करें और छात्रों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बतायें।

### पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने लिया शंकराचार्य जी से आशीर्वाद



**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** समीप परमहंसी गंगा आश्रम चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत आयोजित चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान में आज एक पुण्य अवसर उपस्थित हुआ, जब मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर, अनंतश्री विभूषित, जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी अचलानंद जी एवं श्री अरविंद मिश्रा भी उनके साथ उपस्थित रहे। डॉ. मिश्रा ने महाराजश्री से राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त किए एवं आश्रम में उपस्थित संतसमाज से भी संवाद किया। उन्होंने चातुर्मास्य व्रत की गरिमा, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा आचार्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे भारत की आत्मा का संरक्षण बताया। शंकराचार्य जी महाराज ने भी डॉ. मिश्रा जी को शास्त्रसम्मत धर्मकार्य की प्रेरणा दी एवं सनातन मार्ग में दृढ़ता से चलने का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर आश्रम में अनेक श्रद्धालुजन, सन्यासीगण व शिष्य मंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### युवा सर्वेयरो ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एस.डी.एम को ज्ञापन सौंपा



**गोटेगांव।** युवा सर्वेयरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनु विभाग की अधिकारी एसडीएम श्रीमती देवती परते को एक ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने उल्लेखित कर बताया कि राजस्व विभाग द्वारा हम सभी लोकल यूथ की नियुक्ति फसल गिद्दोवली डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य हेतु प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम जुलाई 2024 में ऑनलाइन पोर्टल द्वारा हुई थी हम सभी लोकल यूथ ने शासन द्वारा प्रदाय कार्य को विकट परिस्थितियों के बावजूद पूरी ईमानदारी के साथ तय समय सीमा में पूर्ण किया है और वर्तमान में शासन द्वारा फार्मर आईडी भूमि ई केवाईसी बनाने में पूरी ईमानदारी से संलग्न हैं परंतु आज दिनांक तक फसल गिर्दावली एवं किसी कार्य का पारिश्रमिक हम लोकल यूथ को प्राप्त नहीं हुआ जिसमें हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर है।

**यह हैं मुख्य मांगे-** लोकल यूथ सर्वेयर को डिजिटल क्रॉप सर्वे खरीफ 2024 रवि 2025 एवं फार्मर आईडी कार्य का पारिश्रमिक भुगतान जलद प्रदान किया जावे, लोकल यूथ सर्वेयर को राजस्व कार्यालय से पहचान पत्र आईडी कार्ड उपलब्ध करवाया जाए, लोकल यूथ सर्वेयर को 8 प्रति खरे की जगह मासिक मानदेय प्रदान किया जाए।

# वेयर हाउस फुल, मूंग विक्रय में किसानों को हो रही परेशानी

# स्लाट बुक ना होने से नहीं हो पा रहा मूंग का विक्रय

### बड़ी संख्या मे किसान पहुंचे कृषि विभाग कार्यालय

हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।

गत दिवस किसानों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर उप संचालक कृषि अधिकारी से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। वही अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को हल करने की बात कही गई। किसानों द्वारा बताया गया कि जिले मे मूंग उपार्जन के लिए निर्धारित किए गए वेयर हाउसों मे क्षमता के अनुसार मूंग खरीद कर लिया गया। वेयर हाउस फुल हो जाने के कारण मूंग की खरीदी नहीं की जा रही है। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही किसान बड़ी संख्या मे अपने वाहनों में मूंग लेकर वेयर हाउस पहुंच रहे है। किसानों द्वारा बताया गया कि मूंग का विक्रय किया जाना है लेकिन स्लाट बुक ना होने के कारण भी मूंग का क्रय नही हो पा रहा है।



### वेयर हाउसों की क्षमता बढ़ाने का आश्वासन

किसानों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर कृषि अधिकारियों से गुहार लगाते हुए बताया गया कि जिले में समर्थन मूल्य पर किसान अपनी मूंग का विक्रय करने के लिए परेशान हो रहे है। किसानों को अपनी मूंग का विक्रय करने के लिए वेयरहाउस के लिए स्लाइड बुक करना होती है लेकिन किसान एक हफ्ते से परेशान हो रहे है और स्लाइड बुक नहीं हो रहा है जिससे वह अपनी मूँग की फसल का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं जिसे लेकर बड़ी संख्या में किसान कृषि कार्यालय पहुँचे और कृषि अधिकारी से जल्द से जल्द स्लाइड बुक करवाने की माँग की है बही कृषि विभाग अधिकारी ने कहा कि किसान भाइयों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है सभी किसानों की समय पर स्लाइड बुक होगी जिन वेयरहाउस में कैपेसिट नहीं है उसको बढ़ा दी जाएगी।

### वेयर हाउस के आसपास लगी भीड़

जिले मे मूंग विक्रय करने के लिए किसान काफी परेशान नजर आ रहा है किसानों द्वारा अपनी उपज को वाहनों मे भर खरीदी केन्द्र ले जाया जा रहा है लेकिन वेयर हाउस की क्षमता के अनुसार मूंग खरीदी हो जाने के कारण वेयर मालिकों द्वारा खरीदी नही की जा रही है। जिससे किसानो द्वारा अपने वाहनों को लेकर वेयर हाउस पर ही खड़े हुए है जिससे वेयर हाउसों के पास भारी मात्रा मे वाहनों को जमावड़ा लगा हुआ है। किसानों द्वारा मूंग और उडद की खरीदी के लिए बनाए गए केंद्रो में भारी अनियमितताएं और समस्याओं व्याप्त है जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है वहीं पक्षपात पूर्ण तरीके से वेयरहाउस लिए गए हैं जिससे कई सवाल उठ रहे हैं।

### स्लॉट बुक करने मे हो रही परेशानी

म. प्र. सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर उड़द एवं मूंग खरीदी अगस्त तक किया जाना तय किया गया है। जिसमें जिले के पंजीकृत वेयर हाउस में मूंग का उपार्जन किया जा रहा है लेकिन सर्वर की समस्या के कारण किसानों को मूंग विक्रय का स्लॉट बुक करने मे परेशानी उत्पन्न हो रही है। वही किसानों द्वारा अपनी उपज को बेचने का बेसबरी से इंतजार है लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई बाधा उत्पन्न की रही है। मूंग विक्रय मे आने वाली समस्याओं को लेकर किसानों द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर भी अवगत कराया जा चुका है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि मूंग उपार्जन किए लिए स्लाट बुक करने के लिए निर्धारित समय दोपहर के दो बजे से लिंक खोली जावेगी जिसमें किसान अपना पंजीयन करा सकेंगें। वही वेयर हाउसों की क्षमता मे भी वृद्धि की जावेगी। जिससे किसानों की उपज को खरीदा जा सके। किसानों द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य उपार्जन तथा खरीदी के लिए मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खाली बोरी का वजन 530 ग्राम निर्धारित किया गया हैं। लगभग सभी वेयर हाउसो पर प्रति बोरी 50 किलो पर 530 ग्राम के स्थान पर 850 ग्राम याने की प्रति 50 किलों पर 300 ग्राम अत्तिरिक्त तोल की जा रही है इस तरह किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।


समर्थन मूल्य पर मूंग विक्रय का मामला
स्लाट बुक ना होने से परेशान हो रहे किसान, वेयर हाउसों पर लग रही भीड़

### विधायक श्री पटेल ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने गुरूकृपा वेयर हाउस बटेसरा, राधारमण वेयर हाउस व रघुवंशी वेयर हाउस कौड़िया, भूमि वेयर हाउस डोभी एवं अमलतास वेयर हाउस रमपुरा का औचक निरीक्षण किया और किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान विधायक श्री पटेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने बताया कि जमीनी स्तर पर कार्य देखने के उद्देश्य से वे आज किसी पूर्व सूचना के उक्त वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि आम जनता की मेहनत का फल उनके घर तक सही तरीके से पहुंचे। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री पटेल ने निर्देश दिए कि मूंग खरीदी के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं हो। किसानों को लंबे समय तक लाईन में खड़ा नहीं रहना पड़े। किसानों के भुगतान में पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर हो।

## पूर्वराज्य मंत्री ने की निःशुल्क साइकिल वितरित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में पूर्व राज्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन जालम सिंह पटेल द्वारा 108 छात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि का विद्यालय द्वार पर कलश पूजन कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथिजनों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित द्वारा किया गया। विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत से सभी आगंतुकों का अभिनंदन व स्वागत किया। मंच संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक तरूवर पटेल ने किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने पढ़ा। मुख्य अतिथि ने संबोधिन के दौरान कहा कि सभी विद्यार्थियों को शासन सभी सुविधाएं दे रही है। सभी अनुशासन में रहकर अच्छी पढ़ाई करें। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला साथ ही विद्यार्थियों एवं उपस्थिति सभी आगंतुकों, अभिभावकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। मुख्यातिथि ने पुष्प मालाएं पहनाकर छात्र छात्राओं को सायकिल भेंट की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। निःशुल्क साइकिल प्रभारी राजेश सिंगोतीया एवं आशुतोष नामदेव ने सभी का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में पुरुषोत्तम गिरधोनिया, भागवत सिंह, तख्त पटेल, राजकुमार गुमास्ता, ओमप्रकाश पटेल, श्रीराम पटेल, बृज भूषण बाजपेई, सिद्धांत बागडे, वीरेंद्र बक्शी, अतुल राजपूत, कृष्ण कुमार, समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रहीं।

### रोजगार सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रोजगार सहयकों द्वारा मुख्या कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि जनपद पंचायतों मे पदस्थ्य ग्राम रोजगार सहायकों को मानदेय का भुगतान नही किया गया है जिससे उन्हे आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही शासन द्वारा भुगतान हेतु पत्र जारी कर दिया गया है उसके बाद भी रोजगार सहायकों को जून माह के मानदेय का भुगतान नही किया गया है। आवेदन मे बताया गया है कि रोजगार सहायकों की सी आर भी जमा कर दी गई उसके उपरांत भी मानदेय का भुगतान नही हो सका है। वर्तमान मे बच्चो की स्कूल फीस, अन्य पारिवारिक व्यय समस्याओं का समाना करना पड रहा है।

## सरस्वती विद्यालय में मनाई गई तिलक, आजाद जयंती

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय सरस्वती विद्यालय मे क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद एवं बालगंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। वीरता एक दैविक सद्गुण है जिसे पाकर मनुष्य अपने कृतित्व-व्यक्तित्व द्वारा सदियों तक प्रेरणा-पुंज के रूप में अविस्मरणीय रहकर राष्ट्र को गौरवान्वित करता है ऐसे ही क्रांतिवीर लोकमान्य बालगंगाधर तिलक एवं चंदशेखर आजाद की जंयती संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी की अध्यक्षता तथा लेखक अखिलेश खरे के मुख्य अतिथ्य में गरिमामय ढ़ंग से मनाई गई। प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर अभिभावक दीपक श्रीवास्तव,



अजय कुमार रैकवार मातृशक्ति श्रीमती पूजा धुर्वे, पियंका पटैल, शैली पटैल, प्रीति पटैल, आरती कुशवाहा, संगीता कुशवाहा सुमन जाटव,प्रतिभा सिलावट, श्रीमती शिखा मंचांसीन अतिथि रहे। मुख्य अतिथि श्री खरे तथा दीपक द्वारा वीर पुरूषो की महान गाथाओं के प्रेरणादायी प्रसंगो को रखते हुए भाषायी उत्तम संस्कार गृहण करने तथा माता-पिता गुरूजन का नाम रोशन करने की बात कहीं। मंच संचालन संगीत आचार्य रामशंकर पटैल आचार्य द्वारा किया गया।

### दस्तक अभियान प्रथम चरण का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में दस्तक अभियान का शुभारंभ अनिमेष धोरेलिया खुरपा सरपंच, व मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रिचा मिश्रा मेडम द्वारा किया गया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगवानी में दस्तक अभियान का शुभारंभ पूर्व मंडी अध्यक्ष रविन्द्र पटैल, मुंगवानी सरपंच निरंजन सिंह राजपूत, एवं सेक्टर मेडिकल ऑफीसर डॉ. मुकेश गौंड़ द्वारा किया गया। ग्राम मगरधा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में दस्तक अभियान का शुभारंभ राघवेन्द्र सिंह जाट, सिंहपुर मंडल अध्यक्ष, जिला सरपंच अध्यक्ष कमलेश मलैया, सरपंच नकटुआ,द्वारा किया गया। दस्तक अभियान 22 जुलाई 2025 से 16 सितंबर 2025 तक शासन के निर्देशानुसार आयोजित होगा, दस्तक अभियान अंतर्गत सभी 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को सात प्रकार की सेवाऐं प्रदान की जावेगी, दस्तक अभियान का मुख्य उद्धेश्य बाल्य मृत्यु दर में कमी लाना व बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों का चिन्हांकन, पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल शामिल है, विकासखण्ड नरसिंहपुर के प्रत्येक ग्राम में टीकाकरण दिवस में दस्तक अभियान होगा शेष छूटे हुए बच्चों को गृह भेंट के माध्यम से सेवाऐं दी जावेगीं। दस्तक अभियान शुभारंभ में बी.सी.एम. दीपेश नेमा, द्वारा दस्तक अभियान के उद्धेश्य के बारे में बताया विकासखण्ड नरसिंहपुर से बी.ई.ई. वेदप्रकाश वर्मा, सेक्टर मेडिकल ऑफीसर डॉ. हेमंत लालवानी, बी.पी.एम. अमरदीप मिश्रा, सी.एच.ओ., ए.एन.एम., स्टॉफ नर्स, सुपरवाइजर जगदीश सोनी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हितग्राही माताऐं उपस्थित रहे।

### जहर खाने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीराम पिता मुन्नी लाल धुर्वे निवासी छिंदा परतापुर थाना हर्रई जिला छिंदवाड़ा द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सलय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## गौ माता का संरक्षण करने की जरूरत

तेंदूखेड़ा

जिस गौ माता के हम जयकारे लगाते हैं। जिसमें स्वयं देवताओं का वास है।जिससे गोबर और मूत्र से जगह पवित्र हुआ करती है आज वही गौ माता मारी मारी निरीह अवस्था में जहां मुख्य सड़क मार्गों पर घायल जख्मी पीड़ित हालत में पड़ी हुई देखी जा रही है। प्रतिदिन वाहनों की अंधी रफ्तार में हम उसे कालकल्वित कर दोडते चले जा रहे है। जितना अधिक हम गौ माता को परेशान या पीड़ित अवस्था में छोड़ेंगे उसके जितने भी आंसू गिरेंगे उससे हम भी परेशान होंगे।उसकी करुण आह से हम भी सुखी नहीं रह पायेंगे इसलिए गौ माता की सेवा संरक्षण करना बहुत ही जरुरी है।





उक्ताशय के अमृत वचन ग्राम आलीबाडा खिरेटी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान भागवत किंकर उपाधि से अलंकृत पं कृष्णकांत शास्त्री जी के द्वारा व्यक्त किए गये। हीरापुर वाले स्वामी जी महाराज के आदेश पर जारी इस ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा व्यास द्वारा जहां भगवान योगेश्वर की लीलाओं का बखान किया जा रहा है। वहीं गौ माता के दूध की ताकत उसकी सेवा और गौ माता की पीठ पर हाथ फेरने से हार्ट जैसी बीमारियों से छुटकारा मिलने पूंछ से बच्चों की नजर उतारनें जैसे विंदुओं पर भी प्रकाश डाला जा रहा है। कथा श्रवण करने दूर दूर से श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।

## राहगीर योजना के तहत मिलेंगे 25 हजार, लोगों को दी जा रही जानकारी

तेंदूखेड़ा

सड़क दुघर्टना के तहत यदि कोई व्यक्ति गिर कर घायल हो जाये सड़क पर जख्मी हालत में पढ़ा हो तो उसे तत्काल समीप के अस्पताल में भेज कर उपचार कराकर उसकी जान वचाने की स्थिति में सरकार राहगीर योजना के तहत 25 हजार रुपए पुरुस्कार स्वरूप एवं सम्मान पत्र भी दिया जायेगा।उक्ताशय की जानकारी विगत दिनों तेंदूखेड़ा में यातायात प्रभारी निरीक्षक ममता तिवारी ने लोगों को जानकारी देते हुए दी। पीड़ित व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल भेजना जरूरी है तथा ऐसे पांच अवसर एक व्यक्ति को मिल सकते हैं।यह योजना सरकार ने सड़क सुरक्षा के साथ घायलों की मदद के लिए चलाई है।घायल व्यक्ति को लाने ले जाने में पुलिस की मदद होगी तथा पुलिस सहयोग करने वालों को परेशान नहीं करेगी बल्कि सम्मानित किया जाएगा। यातायात प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोगों की सुरक्षा यातायात नियमों का पालन करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। तथा नाबालिगों को बाहन नहीं चलाने देना चाहिए। उन्होंने तेंदूखेड़ा में वाहनों की जांच पड़ताल करते हुए विना हेलमेट लगाये तथा बिना लाइसेंस बाहन चलाने वाले यातायात नियमों का उल्लघंन करने बालों को हिदायतें देते हुए चालान काटे जाने की जानकारी भी दी गई।इस मौके पर कुछ बाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट भी प्रदान किए गए।





## लोकल यूथ सर्वेयर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों लोकल यूथ महासंघ के वेनर तले तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सर्वेयरों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एस डी एम एवं प्रभारी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें उल्लेख किया गया है कि हम लोगों को पटवारी सहायक के रुप में नियुक्त किया गया है। पूरी ईमानदारी से रवि और खरीफ मौसम से लेकर जायदाद संबंधी गिरदावरी का काम करने के साथ फार्मर रजिस्ट्री जैसे काम भी कर रहे हैं। फिर भी उन्हें समय पर वेतन ना मिलने के कारण आर्थिक रूप से तंगी बनीं हुई है। वेतन से लेकर सेफ्टी किट आइडेंटी कार्ड तथा दुर्घटना बीमा कराये जाने को लेकर पूर्व में भी ज्ञापन दिया गया है लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही ना होने की स्थिति में पुनः ज्ञापन दिया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से योगेंद्र प्रजापति राजेश शर्मा संदीप पटेल दुर्गेश श्रीवास अनिल लोधी प्रमेश चौधरी देवराज चौधरी संजय मेहरा अंकित कोरी, सोनू मेहरा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम एवं खास को सूचित किया जाता हैए कि कृष्णा विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष पति अशोक विश्वकर्मा निवासी संजय वार्ड झलरया नरसिंहपुर थाना कोतवाली जिला नरसिंहपुर म.प्र., ने दिनांक 09.01.2008 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में पुत्री अंकिती विश्वकर्मा को जन्म दिया था। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर द्वारा पुत्री अंकिती का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया था जिसमें पुत्री का नाम राधिका दर्ज हो गया था, जिसे पेन से काटकर अंकिती दर्ज किया गया था। पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक 354433608303 एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अंकसूचियों में पुत्री का नाम अंकिती विश्वकर्मा दर्ज है। मुझे अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र को डिजिटल करवाना है किन्तु जन्म प्रमाण पत्र में कांट छांट होने के कारण जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में प्रेस विज्ञप्ति चाही गई है। पुत्री अंकिती विश्वकर्मा का डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र बनने में यदि आम या खास को कोई आपत्ति हो तो वह मुझे 7 दिवस में लिखित प्रस्तुत करें। सात दिवस उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

शपथकर्ता
कृष्णा विश्वकर्मा
7247578746